ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

दूरभाष/*Phone: 07152-230901*, वेबसाइट/*Website : www.hindivishwa.org*

'साथ-संगत कलाकार/ तबला वादक' (संगीत अनुदेशक) की अस्थायी नियुक्ति हेतु साक्षात्कार

(क्रमांक : म.गां.अं.हिं.वि/स्था एवं प्रशा/27/2026, दिनांक : 15.06.2026)

विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग, साहित्य विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित वाद्य संगीत (हिंदुस्तानी गायन) सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पी.जी. डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु **'साथ-संगत कलाकार/ तबला वादक' (संगीत अनुदेशक)** की सेवाओं की आवश्यकता है। इस अस्थाई नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 23.06.2026 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे महादेवी वर्मा सभागार, तुलसी भवन, साहित्य विद्यापीठ, वर्धा मे आयोजित किया गया है। **इस हेतु मानदेय राशि रू. 25,000/- प्रतिमाह निर्धारित है।**

उपर्युक्त पद हेतु न्यूनतम योग्यता निम्नानुसार अपेक्षित है:

हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (तबला) में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक अथवा भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, प्रयाग संगीत समिति, या अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय जैसे मान्यता प्राप्त संस्थानों से तबला विशारद (संगीत स्नातक के बराबर) या तबला प्रवीण/अलंकार (संगीत के मास्टर के बराबर) जैसे औपचारिक संगीत डिप्लोमा या डिग्री के साथ किसी संस्थान में साथ संगत तबला वादन का अनुभव।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने अद्यतन जीवनवृत्त (Biodata) के चार सेट और अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता तथा अनुभव से संबंधित मूल प्रमाणपत्रों एवं इनकी स्व-सत्यापित छायाप्रति के चार सेट के साथ साक्षात्कार हेतु निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर उपस्थित हों।

इस विज्ञापन के संदर्भ में किसी भी प्रकार का संशोधन सिर्फ विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.hindivishwa.org) पर दिया जाएगा। उक्त विज्ञापन निरस्त करने, पद को भरने अथवा न भरने का संपूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है। विज्ञापन संबंधी किसी जानकारी हेतु दिनांक : 22.06.2026 तक कार्यालयीन दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य) (शनिवार एवं रविवार को छोड़कर) में दूरभाष क्रमांक 07152-230901 पर संपर्क किया जा सकता है।

कादर नवाज़

कुलसचिव (कार्यवाहक)

16/6/26